भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 2362
सोमवार, 13 दिसम्बर, 2021/22 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन से अधिकतम राजस्व अर्जित करने वाले राज्यों का ब्यौरा

2362. श्री नरेंद्र कुमार:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा उत्तर भारत में पर्यटन को बढ़ाने और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन से होने वाले राजस्व में सुधार के लिए क्या उपाय किए गए हैं;

(ख) पिछले तीन वर्षो के दौरान जिन राज्यों ने पर्यटन से सर्वाधिक राजस्व अर्जित किया है, उन राज्यों का ब्यौरा क्या है और पर्यटन की अपार संभावनाओं वाले उन राज्यों का ब्यौरा क्या है, जो इसका दोहन करने में असमर्थ हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी

(क): पर्यटन मंत्रालय उत्तरी भारत सहित देश के भीतर यात्रा करने के लिए नागरिकों को प्रोत्साहित करने के लिए कई गतिविधियां चला रहा है।

मंत्रालय नियमित रूप से देखो अपना देश, एक भारत श्रेष्ठ भारत (ईबीएसबी) और आजादी का अमृत महोत्सव के बैनर तले पर्यटन संवर्द्धन कार्यक्रम, रोड शो, फेम यात्राएं, छात्र अध्ययन यात्राएं, कार्यशालाएं, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम, सोशल मीडिया प्रचार आदि का आयोजन कर रहा है। उत्तर भारत में पर्यटन में सुधार के लिए पिछले एक वर्ष में सरकार द्वारा किए गए उपाय **अनुबंध** में हैं।

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार पर्यटन से सृजित राजस्व के क्षेत्र वार आकड़ें नहीं रखता है।

(ख) और (ग): पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार पर्यटन से सृजित राजस्व के राज्य वार आंकड़े नहीं रखता है।

****

अनुबंध

पर्यटन से अधिकतम राजस्व अर्जित करने वाले राज्यों के विवरण के संबंध में 13.12.2021 को उत्तर दिये गए लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2362 के भाग (क) के उत्तर में विवरण।

पर्यटन मंत्रालय ने पिछले एक साल में उत्तर भारत में पर्यटन के सुधार के लिए निम्नलिखित प्रमुख गतिविधियाँ आयोजित की है:-

(i) श्रीनगर में 11-13 अप्रैल, 2021 तक स्वर्ग में एक और दिन "कश्मीर की पर्यटन क्षमता का दोहन: कार्यक्रम का आयोजन किया ।

(ii) लद्दाख समारोह का आयोजन: लेह में 25-28 अगस्त, 2021 एडवेंचर एंड सो मच मोर।

(iii) पर्यटन मंत्रालय ने आईआरसीटीसी के सहयोग से 7 और 8 अक्टूबर, 2021 को वाराणसी की बौद्ध विरासत को प्रदर्शित करने वाले मीडिया और टूर ऑपरेटरों की फेम यात्रा का आयोजन किया।

(iv) पर्यटन मंत्रालय ने लेह, जम्मू, श्रीनगर, देहरादून, चंडीगढ़, शिमला, धर्मशाला, जयपुर, जोधपुर और वाराणसी में हितधारकों (होमस्टे और बेड एंड ब्रेकफास्ट ओनर्स एंड ट्रैवल ट्रेड) के लिए संवेदीकरण कार्यक्रम भी आयोजित किए हैं।

(v) उत्तरी क्षेत्र में यात्रा और आतिथ्य संस्थानों के छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, भाषण अध्ययन पर्यटन आदि जैसे विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

(vi) उत्तर भारत सहित देश के पर्यटन उत्पादों और गंतव्यों, विरासत, विविध संस्कृति का प्रदर्शन, सभी देखो अपना देश थीम के तहत वेबिनार आयोजित किए जा रहे हैं।

(vii) देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्रों में लेख प्रकाशित किए जा रहे हैं। देश में लोकप्रिय और कम ज्ञात पर्यटन स्थलों और उत्पादों पर रेडियो स्टेशनों/टेलीविजन चैनलों पर साक्षात्कार/वार्ता आयोजित किए जा रहे हैं।

******